HINDI

30-05-2024

Indian Creek एलीमेंटरी शिक्षक ने वर्ष का प्रतिष्ठित मेट्रो अटलांटा सुरक्षित स्कूल मार्ग चैंपियन पुरस्कार जीता

Indian Creek एलीमेंटरी स्कूल STEM शिक्षक Dr. Adam Nykamp ने मेट्रो अटलांटा वर्ष का सुरक्षित स्कूल मार्ग चैंपियन (*SRTS*) पुरस्कार जीता। Georgia सुरक्षित स्कूल मार्ग की ओर से उन्हें 21 मई को विद्यार्थियों, संकाय और स्टाफ़ की मौजूदगी में पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

Atlanta वर्ष का सुरक्षित स्कूल मार्ग चैंपियन पुरस्कार ऐसे व्यक्ति को दिया जाता है जो अपने स्कूल में सुरक्षित स्कूल मार्ग कार्यक्रम का नेतृत्व करता है। इस कार्यक्रम का आयोजन Georgia परिवहन विभाग द्वारा किया जाता है, ताकि परिवारों को सुरक्षित रूप से स्कूल आने और जाने के लिए सशक्त बनाया और प्रेरित किया जा सके।

Indian Creek ES में Dr. Nykamp इस कार्यक्रम का संचालन बहुत उत्साह से करते हैं, और इसी कारण से *Ladybug for Girls Foundation* ने उन्हें इस पुरस्कार के लिए नामांकित करने का निर्णय लिया। Clarkston स्थित यह संगठन लड़कियों को खेलकूद, तंदुरुस्ती और स्वास्थ्य शिक्षा के माध्यम से सशक्त बनाता है, ताकि उन्हें अंदर से भी सुंदरता का एहसास दिलाया जा सके। नामांकन करने के दौरान इस संगठन ने विद्यार्थियों की सुरक्षा के प्रति Dr. Nykamp के समर्पण और हर बच्चे के कल्याण को सुनिश्चित करने के उनके जज़्बे को खूब सराहा।

संगठन ने कहा कि, "प्रत्येक वर्ष वे क्रॉसिंग गार्ड का आयोजन करते हैं, स्कूल समुदाय के भीतर उत्साह से SRTS का प्रचार करते हैं और अभिभावकों तथा विद्यार्थियों के साथ सड़क सुरक्षा पर दिलचस्प शैक्षिक कार्यशालाओं का नेतृत्व करते हैं।"

"STEM शिक्षक की अपनी भूमिका के अलावा भी कार्य करने की उनकी प्रतिबद्धता प्रेरणादायक और हृदयस्पर्शी है। Adam की सभी विद्यार्थियों की सुरक्षा के प्रति गहरी चिंता, उनके प्रत्येक कार्य में स्पष्ट दिखाई देती है, चाहे वह संकाय के साथ उत्साहपूर्ण बातचीत हो या K-5 के बच्चों को सड़क पर जिम्मेदारीपूर्वक चलने की शिक्षा देना। वे सही मायनों में सुरक्षित स्कूल मार्क के सच्चे समर्थक हैं।"

Metro Atlanta क्षेत्र समन्वयक Marielena Gutiérrez ने कहा कि Dr. Nykamp सच में इस पुरस्कार के हकदार हैं।

उन्होंने कहा कि, "मुझे स्कूल चैंपियन के रूप में उनके समर्पण पर बहुत गर्व है।" "DeKalb, Clayton, Fulton और Rockdale काउंटी में 155 में से किसी एक को चुनना बहुत कठिन काम है। वह इसके और साथ ही बहुत सी अन्य चीज़ों के हकदार हैं।"

XXX